प्रदेश में 10 लाख लीटर एथेनाल का उत्पादन होगा

कैबिनेट का फैसला

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यूपी सरकार ने अब 10 लाख लीटर एचपीएलसी (हाई परफारमेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी) एथेनाल का उत्पादन करने का निर्णय लिया है। इसका उपयोग प्रयोगशालाओं में किया जाता है। पहले इसे चीन से आयातित किया जाता था।

विधानसभा के लिए कमेटी बनीः विधानसभा में समय-समय पर आने वाले असरकारी प्रस्तावों संकल्प आदि के लिए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, धर्मपाल सिंह, जयवीर सिंह और योगेंद्र उपाध्याय इसके सदस्य होंगे।

अनुरक्षण लागत भी जुड़ेगीः लोक निर्माण विभाग नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत वित्तपोषित की जाने वाली सड़कों के निर्माण के इस्टीमेट प्रस्तुत करते समय उसमें पांच वर्षो के रखरखाव की लागत को जोड़ने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई है। इसमें रखरखाव की लागत परियोजना लागत की अधिकतम 10 प्रतिशत होगी। इन मार्गो के वर्षवार रखरखाव की दरें विभागीय उच्च स्तरीय तकनीकी समिति समय-समय पर निर्धारित करेगी।

सहारनपुर में रेलवे ओवरब्रिज के लिए जमीन मिलेगीः सहारनपुर में शेखपुरा कदीम मार्ग पर रेल सम्पार पर ओवर ब्रिज बनाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। इसके लिए सिंचाई विभाग की 18197.6 वर्ग मीटर जमीन लोक निर्माण विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएगी।

रसोइयों के लिए घोषणाः रसोइयों को दो जोड़ी साड़ी/पैंट शर्ट हर साल मिलेगी। रसोइयों को 10 महीने और अनुदेशकों को 11 महीने का मानदेय दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने दिसम्बर 2021 में संवाद कार्यक्रम में मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा की थी।

जमीन अधिग्रहण में भूस्वामियों को मिलेगी 10% शुल्क से छूट

यूपी सरकार ने नोएडा व ग्रेटर नोएडा के भू स्वामियों को 10 प्रतिशत अर्जन व्यय की धनराशि जमा करने से छूट दे दी है। औद्योगिक विकास विभाग के इस प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। इस फैसले से संबंधित भूस्वामियों को 10 प्रतिशत अर्जन व्यय पर 5 अरब 6 करोड़ 82 लाख 92 हजार 570 रुपये की धनराशि जमा किए जाने से छूट देने का निर्णय लिया गया है।